BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 16 दिसम्बर, 2024 **थाना साइबर क्राइम**

टॉवर लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के 02 शातिर सदस्य गिरफ्तार, कब्जे से 01 एटीएम कार्ड, 02 मोबाइल फोन, 01 पास बुक व 16,500/- रूपये बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 28-09-2024 को वादी राजू पुत्र मानक चन्द ग्राम भैसरोली थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर ने थाना साइबर क्राइम पर तहरीर दी कि अज्ञात अभियुक्तों द्वारा टॉवर लगाने के नाम पर उसे झांसे मे लेकर उसके साथ 1,18,700/- रुपये की धोखाधडी कर ट्रांसफर करा लिये थे। इस सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पर मुअसं- 34/2024 धारा 318(4), 338,336(3),340(2) बी एन एस व 66 डी आई टी एक्ट पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में जाँच/छानबीन व तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16-12-2024 को प्रकाश मे आये 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता को 01 एटीएम कार्ड व 02 मोबाइल फोन व 16,500/- रुपये सहित गिरफ्तार किया गया। थाना साइबर क्राइम पर पंजीकृत मुअस- 34/2024 में धारा 61(2), 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में साइबर क्राइम थाने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. दीपक गोयल पुत्र उमेश चन्द गोयल नि0 F-301, गली नं0 15 खजूरी बाग थाना खजूरी खास दिल्ली
2. श्रीमती रेन्जू रानी उर्फ रंन्जू यादव पत्नी विनय यादव निवासी प्लाट न0 69 गोपाल नगर नजबगढ रेल फैक्टरी रोड, नई दिल्ली

बरामदगी का विवरणः-

1. 16,500 रुपये
2. 02 मोबाइल
3. 01 पास बुक
4. 01 एटीएम कार्ड

गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म ठग हैं। जिनके द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि वे टावर लगवाने का झांसा देकर फेंक Approval Letter, Digital Satellite Surve, Agreement Bond, State Bank of India बनाकर भोले भाले लोगो को भेज देते है। तथा उनसे विभिन्न प्रकार के चार्ज के रुप में मोटी धनराशि को फ्राँड खातो में ट्राँसफर कराकर निकाल लेते है।

गिरफ्तार अभियुक्त दीपक गोयल का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं-194/24 धारा 354(डी), 506 भादवि थाना दिल्ली केन्ट, साउथ वेस्ट दिल्ली।
2. मुअसं-34/24 धारा 318(4),338,336(3),340(2), 317(2), 61(2) बीएनएस व 66 डी आई टी एक्ट थाना साइबर क्राइम बुलन्दशहर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री सतीश कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम
2. नि0 श्री रामखिलाडी यादव, नि0 श्री जितेन्द्र सिंह
3. उ0 नि0 श्री नीरज कुमार
4. हे0का0 राकेश कुमार, हे0का0 गोविन्दा यादव, है0 का0 जितेश शर्मा, म0का0 महताब जहाँ, क0 आ0 प्रिन्स त्यागी

मीडिया सेल, बुलंदशहर